मेरी विनती सुनो सांवरे श्याम जी मुकदमा भजन लिरिक्स

मेरी विनती सुनो सांवरे श्याम जी,
वर्ना जाके कचहरी अपील करूँगा,
हार जाओगे अपना मुकदमा प्रभु,
राधा रानी को अपना वकील करूँगा,
मेरी विनती सुनो साँवरे श्याम जी।bd।

तर्ज – हाल क्या है दिलों का।

चतुर पंडित से नोटिस निकलवाऊंगा,
श्याम वल्द वासुदेव को भिजवाऊंगा,
पता लिखकर के गोकुल का डालूं प्रभु,
दर्शन पाना है ऐसी मैं डील करूँगा,
मेरी विनती सुनो साँवरे श्याम जी।bd।

पेशकार को प्रेम प्रीत घुस देकर,
चितचोर मोहन को पेश करवाऊंगा,
बात होगी सबूतों की सुनलो प्रभु,
पुराण वेदों की सारी दलील रखूँगा,
मेरी विनती सुनो साँवरे श्याम जी।bd।

राधा रानी ने मारा ऐसा दाव रे,
जज भी तुम ही हो मुजरिम गवाह सांवरे,
करो भक्तो की भक्ति का फैसला प्रभु,
अपने भक्तो की भक्ति से फील करूँगा,
Bhajan Diary Lyrics,
मेरी विनती सुनो साँवरे श्याम जी।bd।

मेरी विनती सुनो सांवरे श्याम जी,
वर्ना जाके कचहरी अपील करूँगा,
हार जाओगे अपना मुकदमा प्रभु,
राधा रानी को अपना वकील करूँगा,
मेरी विनती सुनो साँवरे श्याम जी।bd।

Singer – Surjeet Albela

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com